हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 अगस्त 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोक सभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक पेश किया - ये विधेयक खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग , विज्ञापन ,और उनसे जुड़े वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाएगा।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा की यमुना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियो की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी।
- आज देश भर में उन्नत डाक तकनीक का दूसरा चरण शुरू हुआ -इस स्वदेशी तकनीक से कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।
- आज हरियाणा चंडीगढ़ सहित देश भर में राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया - हरियाणा में नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त बिजली की हिस्सेदारी लगभग 4 हज़ार 961 मेगावाट तक पहुंची।
- हरियाणा सरकार ने पूर्व अग्निवीरो की सीधी भर्ती में क्षैतिज आरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया।

*************************

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक -2025 पेश किया।

इस विधेयक का उद्देश्य ई-खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुड़े वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है।
इसके अंतर्गत समन्वित नीतिगत सहयोग, रणनीतिक विकास और विनियमन के लिए ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी की नियुक्ति का प्रावधान है।
यह विधेयक देश की सुरक्षा और संप्रभुता तथा वित्तीय प्रणाली की अखंडता की सुरक्षा करेगा और जनहित में एक समान और राष्ट्रीय स्तरीय विधि ढांचा स्थापित करेगा।

इस विधेयक में पैसा लेकर ऑनलाइन खेलों की पेशकश करने, संचालन करने या प्रोत्साहन करने पर पूर्ण प्रतिबंध का प्रावधान है। ऑनलाइन गेम से जुडे कानून के उल्लंघन पर तीन साल तक की कैद और एक करोड रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

*****************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मां गंगा की तर्ज पर यमुना नदी को भी स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए सीडब्ल्यूसी, हरियाणा सरकार और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी। यह समिति यमुना नदी की सफाई के साथ-साथ इससे संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान पर भी कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में ''इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन रिलेटेड टू यमुना वाटर

रेजुविनेशन'' को लेकर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में केन्द्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनने के बाद से योजनाओं धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी की स्वच्छता के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। नदी में गिरने वाले गंदे पानी के नालों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट -एसटीपी के माध्यम से स्वच्छ करके नदी में प्रवाहित करने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना नदी की सफाई के अभियान के तहत अब तक 16 हजार मीट्रिक टन कचरा निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार निर्धारित लक्ष्य के तहत यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यमुना की स्वच्छता दोनों सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल जिले के पल्ला गांव से यमुना नदी में गिरने वाली ड्रेन का बीओडी स्तर 80 है। इस पानी को और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के ओखला में यमुना नदी के पानी के बीओडी स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसकी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए 44 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं और  इसके अतिरिक्त 9 और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं।

****************

आज से देशभर में उन्नत डाक तकनीक का दूसरा चरण शुरु हो गया है। इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस स्वदेशी तकनीक का विकास डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र ने किया है। यह तकनीक मेघराज टू प्वाइंट जीरो क्लाउड पर काम करती है।

इस नई प्रणाली का उद्देश्य न केवल डाक सेवाओं को अधिक तेज सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है बल्कि ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना भी है। हिसार डाकघर के अधीक्षक हरीश कुमार ने कि ग्राहक अब मोबाइल ऐप के माध्यम से विभिन्न डाक सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इसमें क्यू आर कोड से भुगतान करने, ओटीपी से डिलीवरी लेने और दस अंकों वाले डिजिपिन का उपयोग करने की सुविधा मिलेगी। इससे कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

श्री हरीश कुमार ने बताया कि यह प्रणाली ग्रामीण शाखा डाकघरों में भी लागू की जा रही है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी डिजिटल सेवाएं सुलभ होगी।

*****************

आज हरियाणा, चंडीगढ़ सहित देशभर में राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया । अक्षय ऊर्जा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अक्षय ऊर्जा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके उपयोग को प्रोत्साहित करना है।
हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी की निदेशक डॉ प्रियंका सोनी ने बताया कि अक्षय ऊर्जा विभाग इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा में बिजली की कुल स्थापित क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त बिजली की हिस्सेदारी लगभग 4 हजार 961 मेगावाट है, जो स्थापित क्षमता का 34.68 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान राज्य होने के नाते हरियाणा में कृषि में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया गया है।
पिछले 5 वर्षों में कुसुम योजना के अंतर्गत सिंचाई के लिए 1,62,000 से अधिक सौर पंप स्थापित किए जा चुके हैं।

डॉ प्रियंका सोनी ने बताया -

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पराली जलाने की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कुरुक्षेत्र,कैथल, फतेहाबाद, जींद जिलों में कुल 49.8 मेगावाट क्षमता की पराली आधारित अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की हैं।

इन परियोजनाओं से प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख 12 हजार मीट्रिक टन पराली की खपत होती है।
उन्होंने हरियाणा वासियों से नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा को अपना कर प्रदेश को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग देने की अपील की।

*****************

हरियाणा सरकार ने राज्य के निवासी, पूर्व-अग्निवीरों को सीधी भर्ती में क्षैतिज आरक्षण का लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सरकार द्वारा गहन विचार-विमर्श करने के बाद, एक नीति बनाकर राज्य की विभिन्न सेवाओं में पूर्व-अग्निवीरों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा आज इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया गया है। इस नीति के अनुसार, कौशल-विशेषज्ञता से संबंधित ग्रुप-बी के पदों पर पूर्व-अग्निवीरों को 1 प्रतिशत तथा कुछ निर्दिष्ट श्रेणियों को छोड़कर ग्रुप-सी के पदों पर 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।

*****************

चंडीगढ़ की पर्यावरण सोसाइटी ने अक्षय ऊर्जा दिवस पर चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित पोस्ट ग्रैजूएट सरकारी कॉलेज में कई जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। चंडीगढ़ अक्षय ऊर्जा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन सोसाइटी द्वारा प्रायोजित इस समारोह में टी-शर्ट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग और जस्ट ए मिनट) सत्रों सहित कई अंतर-कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

*****************